aglasem.com

FOR MP CLASS 12 PREPARATION

MP Board Class 12 Sample Paper 2027 Hindi

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
MP Class 12	2027	Sample Paper	Hindi

केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न पत्र
Sample Question Paper for Practice only
हायर सेकेण्डरी परीक्षा – 2027
Higher Secondary Examination-2027
विषय - हिन्दी
Subject - Hindi

Total Question	Total Printed Pages	Time	Maximum Marks
23	5	3 hours	80

निर्देश :-

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |

ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं |

iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं | प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं |

iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं |

v. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं |

vi. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं |

vii. प्रश्न क्रमांक 16 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |

---

1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए - **(1x6=6)**

i. 'पतंग ' कविता किस काव्य संग्रह का हिस्सा है?

(अ) जनता का आदमी (ब) ब्रूनो की बेटियाँ (स) दुनिया रोज़ बनती है (द) इन दिनों

ii. काव्य में जहाँ उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ बताया जाता है, वहाँ अलंकार होता है-

(अ) संदेह (ब) विरोधाभास (स) भ्रांतिमान (द) व्यतिरेक

iii. 'भक्तिन ' पाठ संकलित है-

(अ) अनाम स्वामी (ब) ठण्डा लोहा (स) स्मृति की रेखाएँ (द) आलोक पर्व

iv. निम्नलिखित शब्दों में से वाणिज्य संबंधी तकनीकी शब्द है-

(अ) नाभिक (ब) त्वरण (स) बजट (द) गुरुत्वाकर्षण

v. यशोधर बाबू का तीसरा बेटा स्कॉलरशिप लेकर चला गया था-

(अ) अमरीका (ब) इंग्लैड (स) जापान (द) रूस

vi. आमतौर पर रेडियो नाटक की अवधि होती है-

(अ) 10-20 मिनिट (ब) 15-30 मिनिट (स) 20-40 मिनिट (द) 40-60 मिनिट

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1x6=6)

i. हम दूरदर्शन पर एक..... को लाएंगे। (सबल/दुर्बल)

ii. माधुर्य गुण..... में पाया जाता है। (वीर रस / वात्सल्य रस)

iii. ऋषि - मुनियों ने..... को सबसे ऊँचा स्थान दिया है। (दया / दान)

iv. 'वह गुदड़ी का लाल है' वाक्य में..... शब्द शक्ति है । (लक्षणा / व्यंजना)

v. राखालदास बनर्जी मुअनजो-दड़ो..... में आए। (1922 / 1924)

vi. रेडियो मूलतः .....माध्यम है। (एक रेखीय/ दो रेखीय)

3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1x6=6)

i. 'प्रवासी की डायरी 'कुँवर नारायण' की रचना है।
ii. सवैया एक वर्णिक छन्द है।
iii. शेर के बच्चे का असल नाम चाँद सिंह था।
iv. 'सीधा -सादा ' पूर्ण पुनरुक्त शब्द युग्म का उदाहरण है।
v. मुअनजो -दड़ो में लगभग सात सौ कुएं थे।
vi. पत्रकारिता जल्दी में लिखा गया साहित्य है।

4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (1x7=7)

	स्तम्भ (अ)		**स्तम्भ (ब)**
i	'पहल सम्मान'	(क)	प्रयोगवाद
ii	नये बिम्ब , नये प्रतीक	(ख)	आलोक धन्वा
iii	स्वतंत्रता ,समता, भ्रातृता	(ग)	अनुभाव
iv	आश्रय की बाह्य शारीरिक चेष्टाएँ	(घ)	बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर
v	शुभकामनाएँ, आशीर्वाद	(च)	शब्दों का स्थायित्व
vi	मुद्रित माध्यमों की विशेषता	(छ)	मनोहर श्याम जोशी
vii.	सिल्वर वैडिंग	(ज)	इच्छावाचक वाक्य

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1x7=7)

i. रघुवीर सहाय किस तार सप्तक के कवि हैं ?
ii. आचार्य विश्वनाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा लिखिए।
iii. 'मूकनायक' 'जनता' पत्रिका के संपादक का नाम लिखिए।
iv. हिन्दी गद्य का जनक किसे माना गया है?
v. 'जूझ' उपन्यास के हिन्दी अनुवादक क नाम लिखिए।
vi. नाट्यशास्त्र के अनुसार नाटक का शरीर किसे कहा गया?
vii. 'नाच न जाने आंगन टेढ़ा ' लोकोक्ति का वाक्य में प्रयोग कर लिखिए।

6. भारतेंदु युगीन काव्य की कोई - दो विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

7. छोटे चौकोने खेत को कागज का पन्ना क्यों कहा गया है ? **(2)**

8. सांगरूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **(2)**

9. बिंब विधान किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए। **(2)**

10. रेखाचित्र एवं संस्मरण में कोई - दो अंतर लिखिए। **(2)**

11. 'मेंढक मंडली' पर पानी फेंके जाने के पक्ष में जीजी ने क्या तर्क दिया? लिखिए। **(2)**

12. राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा में दो प्रमुख अंतर लिखिए। **(2)**

13. अर्थ के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए। **(2)**

14. 'जूझ' शीर्षक का औचित्य क्या है? लिखिए। **(2)**

'15. फीचर किसे कहते हैं?लिखिए। **(2)**

16. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' **अथवा** शमशेर बहादुर सिंह की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(3)**

i. दो रचनाएँ ii. भावपक्ष iii. साहित्य में स्थान

17. फणीश्वरनाथ रेणु **अथवा** महादेवी वर्मा की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(3)**

i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली iii. साहित्य में स्थान

18. 'भारतीय संस्कृति' विषय पर सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए। **(3)**

अथवा

अपने विद्यालय में आयोजित होने वाले हिंदी दिवस हेतु एक विज्ञापन बनाकर लिखिए।

19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश **अथवा** काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3)**

असल प्रकाश तो हमारे जीवन में छिपा हुआ है -सृजन का प्रकाश । आदमी का आचरण ,आदमी का शील ,आदमी का श्रम,आदमी का विवेक और आदमी की भावना जिसे छू लें, वह प्रकाशित हो जाए। बड़े-बड़े अंधेरों को तराशकर ये प्रकाश -निर्झर बहा दें। जवारों जैसे पीताभ गेहूँ के पौधे क्या यह संदेश नहीं देते की सृजन की यात्रा कभी रुकती नहीं ? उसे अंधेरे बंद कमरों में भी नहीं रोका जा सकता ।

प्रश्न- i. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

ii. पीताभ गेहूँ के पौधे क्या संदेश देते हैं ?

iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

अथवा

तुम युवक हो, काल को भी काल से दिखते रहे हो ,
देश का सौभाग्य, अपने खून से लिखते रहे हो।
ज्वाल की भूचाल की साकार परिभाषा तुम्हीं हो ,
देश की समृद्धि की सबसे प्रबल आशा तुम्हीं हो ।
ठान लोगे तुम अगर, युग को नई तस्वीर दोगे,
गर्जना से, शत्रुओं के तुम कलेजे चीर दोगे ।
दांव पर गौरव लगे तो शीश दे देना विहंस कर -
देश के सम्मान पर काली घटा छाने न देना।
देश की स्वाधीनता पर आंच तुम आने न देना।

प्रश्न- i. प्रस्तुत काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
ii. युवा यदि ठान लें तो क्या कर सकते हैं?
iii. प्रस्तुत काव्यांश का भाव स्पष्ट कर लिखिए।

20. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग, काव्य सौंदर्य सहित भावार्थ लिखिए- **(4)**

मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ ,
हों जिस पर भूपों के प्रासाद निछावर,
मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ ।

अथवा

तव प्रताप उर राखि प्रभु जैहउँ नाथ तुरंत।
अस कहि आयसु पाइ पद बंदि चलेउ हनुमंत।।
भरत बाहु बल शील गुन प्रभु पद प्रीति अपार।
मन महुँ जात सराहत पुनि पुनि पवनकुमार ।।

21. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए- **(4)**

कालिदास वज़न ठीक रख सकते थे, क्योंकि वे अनासक्त योगी की स्थिर-प्रज्ञता और विदग्ध प्रेमी का हृदय पा चुके थे। कवि होने से क्या होता है? मैं भी छंद बना लेता हूँ, तुक जोड़ लेता हूँ और कालिदास भी छंद बना लेते थे - तुक भी जोड़ ही सकते होंगे इसलिए हम दोनों एक श्रेणी के नहीं हो जाते।

अथवा

पड़ोस में एक महानुभाव रहते हैं जिनको लोग भगत जी कहते हैं। चूरन बेचते हैं। यह काम करते, जाने उन्हें कितने बरस हो गए हैं। लेकिन किसी एक भी दिन चूरन से उन्होंने छः आने पैसे से ज्यादा नहीं कमाए। चूरन उनका आस-पास सरनाम है। और खुद खूब लोकप्रिय हैं। कहीं व्यवसाय का गुर पकड़ लेते और उस पर चलते तो आज खुशहाल क्या मालामाल होते ! क्या कुछ उनके पास न होता ! इधर दस वर्षों से मैं देख रहा हूँ, उनका चूरन हाथों-हाथ बिक जाता है।

22. अंकसूची की द्वितीय प्रति हेतु सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को आवेदन पत्र लिखिए। **(4)**

अथवा

राज्यस्तरीय क्रिकेट टीम में स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए। **(4)**

i. राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका।
ii. पुस्तकालय की उपयोगिता।
iii. मेरे सपनों का भारत।
iv. बिनु पानी सब सून।
v. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन ।

----------000----------

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 5 of 5